हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 11 जुलाई 2025


तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


13 आधुनिकता की मार, रसेला में परंपरागत लोहारों का...





14 एक पेड़ मां के नाम अभियान, रसेला के कुड़ेरादादर...











विडंबना : हथोड़ाडीह, ताराझर, कुर्वापानी एवं भालुडिग्गी में नहीं है स्कूल भवन

# शिक्षा का हाल बेहाल, झोपड़ियों-पेड़ों के नीचे लग रही कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

आजादी के 76 वर्षों बाद भी गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र में शिक्षा विभाग के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। यहां आधा दर्जन से अधिक गांवों के बच्चे आज भी स्कूल भवन न होने के कारण या तो पेड़ों के नीचे या फिर किसी ग्रामीण के घर के आंगन और झोपड़ियों में अपना भविष्य गढ़ने को मजबूर हैं। यह स्थिति शासन-प्रशासन और शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही को उजागर करती है, विशेषकर जब हम डिजिटल युग में ऑनलाइन शिक्षा की बात कर रहे हैं। आज भी मैनपुर के पहाड़ी इलाकों में बसे कई गांवों में स्कूल भवन की कमी एक बड़ी समस्या है। इसके पीछे मुख्य वजह जर्जर स्कूल भवन और विद्यालय भवन का अभाव है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 36 किमी दूर ग्राम पंचायत ओढ़ के आश्रित ग्राम हथौड़ाडीह में स्कूल भवन की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है, जिसका शेड उड़ गया है। पास में ही एक नया स्कूल भवन निर्माणाधीन है, लेकिन दो वर्षों बाद भी यह कार्य पूरा नहीं हो पाया है, जिससे संबंधित विभाग की उदासीनता साफ झलकती है। हथौड़ाडीह के लगभग एक दर्जन बच्चे आज भी एक झोपड़ी के भीतर पढ़ाई करने को विवश हैं।

**अधिकारियों को जानकारी भेजी गई है-** इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल ने बताया कि कुर्वापानी, ताराझर और भालुडिग्गी में स्कूल भवन नहीं हैं और यहां झोपड़ी तथा ग्रामीणों के घर में स्कूल का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इसकी जानकारी कई बार उच्च अधिकारियों को भेजी जा चुकी है। यह स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के मूलभूत ढांचे की कमी और विभागीय उदासीनता को स्पष्ट करती है, जिससे आदिवासी बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है।



### कमार जनजाति के बच्चे खुले आसमान के नीचे



मैनपुर विकासखंड के कुल्हाड़ीघाट ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम ताराझर, कुर्वापानी, और भालुडिग्गी, जो पहाड़ी पर बसे विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के गांव हैं, वहाँ भी स्थिति चिंताजनक है। शासन द्वारा लगभग 20 वर्ष पहले प्राथमिक शिक्षा के लिए स्कूल तो खोले गए, लेकिन इन गांवों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए आज तक भवन का निर्माण नहीं किया गया है। नतीजतन, ये विशेष पिछड़ी आदिवासी कमार बच्चे खुले आसमान के नीचे अपना सुनहरे भविष्य गढ़ रहे हैं। ताराझर प्राथमिक शाला में 16 छात्र-छात्राएं हैं, लेकिन 15 वर्षों बाद भी भवन निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। यहाँ दो शिक्षक जाते हैं और एक ग्रामीण के आंगन में बच्चों को पढ़ाते हैं। कुर्वापानी में तो स्कूल भवन ही नहीं है और भालुडिग्गी में एक टीन-शेड का भवन बनाया गया था, जिसे दो साल पहले जंगली हाथियों ने तोड़फोड़ कर तहस-नहस कर दिया। भालुडिग्गी प्राथमिक शाला में 08 छात्र और कुर्वापानी में 12 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, लेकिन इनके लिए आज तक स्कूल भवन का निर्माण नहीं किया गया है। ये बच्चे भी झोपड़ी में पढ़ाई करने को विवश हैं।

## कसेकेरा विद्यालय में 10 साल से भवन नहीं, अतिरिक्त कक्षों में लग रही कक्षाएं

मरम्मत पर करोड़ों खर्च होने के बावजूद बच्चों को नहीं मिल रहा स्कूल भवन






हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

जहां एक ओर शासन शिक्षा के स्तर, शिक्षकों की गुणवत्ता और स्कूलों की बुनियादी सुविधाओं को सुधारने के लिए नई-नई योजनाएं बना रहा है और करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। जिले के छुरा स्थित प्राथमिक शाला कसेकेरा एक ऐसा ही उदाहरण है, जहाँ पिछले 10 सालों से स्कूल का मुख्य भवन ही नहीं है। स्कूल को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि 'स्कूल जतन' जैसी योजनाओं के तहत जर्जर भवनों की मरम्मत पर करोड़ों खर्च होने के बावजूद कसेकेरा के बच्चों को एक ढंग का स्कूल भवन क्यों नहीं मिल पा रहा है। यह प्राथमिक विद्यालय एक मुख्य मार्ग पर स्थित है, जहाँ से जिले के कलेक्टर सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी लगातार गुजरते हैं। बावजूद इसके, उनकी नजर इस स्कूल की बदहाली पर नहीं पड़ती, या शायद वे देखना नहीं चाहते।

**58 छात्र पर 2 शिक्षक-** कसेकेरा प्राथमिक शाला में बच्चों की कुल दर्ज संख्या 58 है और दो शिक्षक पदस्थ हैं। स्कूल का संचालन केवल दो अतिरिक्त कमरों में किया जा रहा है। इन दो कमरों में पांच कक्षाएं, कार्यालय, मध्याह्न भोजन की सामग्री और अन्य सभी गतिविधियां एक साथ संचालित होती हैं। ऐसे में बच्चों को किस प्रकार की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल पा रही होगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। जानकारी के अनुसार, लगभग 10 साल पहले ही स्कूल के मुख्य भवन को अनुपयुक्त मानकर लगभग 5 साल पहले डिस्मेंटल कर दिया गया था। यह इस उम्मीद से किया गया था कि जल्द ही नया भवन बनेगा, लेकिन 10 साल बीत जाने के बाद ▸▸ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### पॉलिटेक्निक में प्रवेश का तीसरा चरण शुरू

**गरियाबंद।** शासकीय पॉलिटेक्निक गरियाबंद में संचालित पाठ्यक्रमों -सिविल इंजीनियरिंग, माइनिंग इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष (लेटरल एंट्री) में प्रवेश के लिए तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा काउंसलिंग प्रक्रिया का तीसरा चरण 10 जुलाई से शुरू हो गया है। पॉलिटेक्निक के प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश पूरी तरह से ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से ही होगा। काउंसलिंग से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए उम्मीदवार वेबसाइटों पर विजिट कर सकते हैं।

### दो बाइक की भिड़ंत में एक युवक घायल

**मैनपुर।** मैनपुर नगरी मार्ग में आज गुरूवार को दोपहर 3 बजे के आसपास बासीन के पास दो मोटर साइकिल की आपस में जबरदस्त भीड़त हो गई जिससे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल युवक राजेश को ईलाज के लिए नगरी रिफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार बारिश के कारण तेज रफ्तार मोटर साइकिल दूसरे मोटर साइकिल से जा भीड़ा जिससे यह दुर्घटना घटी।

### ग्राम जिड़ार में पौधा रोपण कल

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम जिड़ार में 12 जुलाई दिन शनिवार को सुबह 11 बजे विकासखण्ड स्तरीय पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा ने देते हुए सभी से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### खेत में दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम नारायणपुर में खेत जोताई को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में सांकरा थाने में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि घटना को लेकर पहले पक्ष के अविनाश बारिक पिता जनेक बारिक (33 साल) ने रिपोर्ट लिखाई है कि 9 जून को वह अपने पिताजी जनेक बारिक के साथ खेत में काम कर रहा था। तभी आयुष बारिक, अपर्णा बारिक, मनोज बारिक हमारे खेत में ट्रैक्टर से जोताई करवा रहे थे। जब प्रार्थी के पिता ने उनको हमारे खेत में क्यों जोताई करा रहे हो कहा तब आरोपियों ने एक राय होकर उसे एवं पिता को से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किए तथा मोबाइल को तोड़कर फेंक दिया मारपीट से दोनों को चोटें आई। वहीं दूसरे पक्ष के रिपोर्ट को लेकर पुलिस ने बताया कि आयुष मयंक बारिक पिता मुकेश (20) ने एफआईआर कराई है कि वह अपने चाचा मनोज बारिक, दादी पुन्यवती बारिक एवं मेरी फूफी अपर्णा बारिक के साथ खेत में काम करने गया। खेत में ट्रैक्टर से जोताई का काम कर रहे थे, तभी गांव के अविनाश बारिक एवं जनेक बारिक खेत में आकर चालक को ट्रैक्टर रोकने के लिए कहा। तब अपर्णा बारिक ने आरोपियों से ट्रैक्टर रोकने के लिए क्यों बोल रहे हो कहा। इसके बाद आरोपी प्रार्थी और मेरी फूफी अपर्णा बारिक के साथ गाली गलौज करने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए अविनाश ने हाथ में रखे डंडे को फूफी को मारने के लिए उठाया था, उसने बीच बचाव किया तो डंडा से प्रार्थी के दाहिने हाथ में लगा। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## आठ किलो गांजा बरामद, दो तस्कर पुलिस गुरफ़त में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अवैध गांजा बिक्री और परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई के अभियान के तहत छुरा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। दिनांक 09 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक युवक को 8 किलो 441 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, समस्त थाना प्रभारियों को अवैध गांजा बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे, जिसके परिपालन में सभी थाना क्षेत्रों में मुखबिर तंत्र और पेट्रोलिंग सक्रिय कर दी गई थी। इसी क्रम में आज दिनांक 09 जुलाई को छुरा थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध गांजा लेकर पैदल खरखरा जंगल की ओर जा रहा है। सूचना की तस्दीक के लिए थाना से स्टाफ के साथ पण्डरीपानीडीह, खरखरा रोड पर नाकाबंदी की गई। मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर तलाशी ▸▸ शेष पेज 12 पर

## भ्रष्टाचार के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन जनपद पीईओ को हटाने की मांग हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद



जनपद पंचायत गरियाबंद में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काला पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जनपद पंचायत के कार्यक्रम अधिकारी (पीईओ) को तत्काल पद से हटाने एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों में हो रहे निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच की मांग की। युवा कांग्रेस का आरोप है कि जनपद पंचायत पीईओ के संरक्षण में कमीशनखोरी को बढ़ावा मिल रहा है, जिसके चलते निर्माण कार्यों की गुणवत्ता लगातार गिर रही है। कार्यकर्ताओं ने बताया कि ग्राम पंचायत डोंगरीगांव में मुख्य मार्ग से आदिवासी आश्रम तक मनरेगा योजना के तहत स्वीकृत सीसी रोड का निर्माण ठेकेदारी पद्धति से कराया गया, जबकि मजदूरी कार्य हेतु मात्र 20 हजार रुपये का मस्टररोल जारी किया गया। यह मनरेगा के दिशा-निर्देशों की सीधी अवहेलना है। इसी पंचायत में गोंदला नाला निर्माण के नाम पर लाखों रुपये का भुगतान कर दिया गया, जबकि नाले में रपटा का कोई अवशेष भी नजर नहीं आता। ग्राम पंचायत बेंदकुरा के कमारपारा में बनी पुलिया दो माह के भीतर ही उखड़ गई, जिससे स्पष्ट होता है कि निर्माण में अत्यंत घटिया सामग्री का उपयोग किया गया। वहीं साढ़ौली ग्राम पंचायत में हाईस्कूल के नाम पर बनी सीसी रोड मात्र तीन महीने में ही जगह-जगह से टूटने लगी। युवा कांग्रेस ने बताया कि वर्तमान पीईओ मूलतः ▸▸ शेष पेज 12 पर

## राजिम कॉलेज में शोध सुविधा पर मुहर, टीम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम



शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय में शोध केंद्र स्थापना हेतु प्राचार्य डॉ सविता मिश्रा के मार्गदर्शन में ग्रंथालय, अध्यापन कक्ष एवं अन्य तैयारियां अद्यतन पाई गई। आगामी समय में महाविद्यालय में शोध केंद्र प्रारंभ होने से छात्र-छात्राएं शोध कार्य हेतु प्रवृत्त होंगे। ग्रंथालय के माध्यम से शोध कार्य की सुविधा महाविद्यालय में होगी। गरियाबंद जिले में इस प्रकार शोध कार्य हेतु उपलब्ध प्रथम महाविद्यालय राजिम का होगा। शोध केंद्र हेतु गठित टीम में विषय विशेषज्ञ डॉ प्रभावती शुक्ला प्राध्यापक मनोविज्ञान अध्ययन शाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, डॉ. मालती तिवारी राजनीति शास्त्र डीन पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय महासमुंद, डॉ. सुभाष चंद्राकर प्राध्यापक दुर्गा महाविद्यालय रायपुर द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. समीक्षा चंद्राकर, वरिष्ठ प्राध्यापक एम एल वर्मा, क्षमा शिल्पा चौहान सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, लोकेश जांगड़े ग्रंथपाल एवं अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## गोल्डा बांध में डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के घटारानी रोड स्थित गोल्डा बांध में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। यह दुखद घटना गुरुवार को फुलझर और जमाही गांव के बीच बने बांध में तब हुई, जब युवक अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था। ग्रामीणों और परिजनों ने संबंधित सिंचाई विभाग द्वारा सुरक्षा व्यवस्था और चेतावनी बोर्ड न होने को ऐसी घटनाओं का कारण बताया है। मृतक की पहचान किसन ध्रुव (24 वर्ष), निवासी फुलझर के रूप में हुई है। मृतक के भाई श्रवण ध्रुव ने फिंगेश्वर थाना निरीक्षक गौतम धावड़े को घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि किसन अपने दोस्तों मनोज ध्रुव और देवानंद तारक के साथ पास की कमार बस्ती में शराब पीने गया था। उसके बाद वे बांध में मछली लेने के इरादे से जा रहे थे, तभी किसन नहाने के लिए बांध में उतर गया। किसन के पानी से बाहर न आने पर उसके साथ गए दोनों दोस्त चिंतित ▸▸ शेष पेज 12 पर




### सुरक्षा इंतजामों पर सवाल

बारिश के मौसम में थम जाती है लोगों की जिंदगी

# सरगीपार में सड़क-पुलिया का अभाव से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

अंचल के ग्राम पंचायत केवटीझर के आश्रित ग्राम मातरबाहरा के पारा सरगीपार के ग्रामीणों को आज भी पक्की सड़क और पुलिया के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। आजादी के इतने साल बाद भी यह गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, जिससे ग्रामीणों की जिंदगी खासकर बारिश के दिनों में बेहद मुश्किल हो जाती है। कहा जाता है कि भारत गांवों का देश है और भारत गांवों में बसता है, लेकिन मातरबाहरा (सरगीपारा) की तस्वीर इस बात पर सवाल उठाती है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसी मूलभूत समस्याओं के निदान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की जाती हैं, ताकि गांव और शहर की तस्वीर में बदलाव आए। शहरों की तस्वीर तो बदल रही है, पर गांव की तस्वीर सही मायने में वैसी नहीं है जैसी होनी चाहिए।



### केंद्रा नाला बना मुसीबत की जड़

मातरबाहरा और सरगीपार के बीच केंद्रा नाला पड़ता है। बारिश के दिनों में इस नाले में बाढ़ आने से लोगों का आवागमन पूरी तरह से बंद हो जाता है। सरगीपार में प्राथमिक शाला है और मातरबाहरा में माध्यमिक स्कूल। सरगीपार के बच्चे मिडिल स्कूल जाने के लिए नाला पार करके दो किलोमीटर मातरबाहरा आते हैं। लेकिन, बारिश के समय नाले में ज्यादा पानी होने से बच्चों को स्कूल जाने से वंचित होना पड़ता है, जिससे उनकी शिक्षा पर सीधा असर पड़ता है। किसानों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खाद-बीज लेने के लिए उन्हें कच्ची सड़क से 5 किलोमीटर कनसिंधी जाना पड़ता है।

**स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित, घंटों इंतजार की मजबूरी-** ग्रामीणों, जिनमें जनपद सदस्य रुकमणि ध्रुव, सरपंच चंद्रिका नेताम, हितेश्वर ठाकुर, भंवर सिंह नागेश, निजा राम, प्रेमसिंह, जगनसिंह नेताम, मेहतर राम ध्रुव, रामेश्वर ध्रुव, दुर्जन सिंह नागेश, ओंकार नागेश आदि शामिल हैं, ने बताया कि बरसात के दिनों में नाले में पानी के तेज बहाव के कारण उन्हें घरों में ही रहना पड़ता है। अति आवश्यक दैनिक खाद्यान्न सामग्रियों के लिए भी ग्रामीणों को भटकना पड़ता है। वहीं, स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्रसव पीड़ा से व्याकुल माताओं को बड़ी मुश्किलों से नाला पार कराते हुए अस्पताल ले जाना उनकी मजबूरी बन जाती है। इस नाले में पुलिया नहीं होने से बरसात के दिनों में ग्रामीणों को घंटों खड़े होकर ▸▸ शेष पेज 12 पर

## मौसम का स्वास्थ्य पर प्रभाव, ठंड खांसी, बुखार और दस्त के मरीज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

विगत चार दिन से हो रही झमाझम बारिश का असर लोगों के सेहत पर पड़ा है। मौसम में हुए परिवर्तन से मौसमी बीमारी सर्दी, खांसी, बुखार, दस्त और गले में टॉन्सिल से लोग पीड़ित हो रहे है। मौसम का असर बच्चों में ज्यादा है। दस वर्ष से कम उम्र के बच्चों में संक्रमण बहुत तेजी से फैला है। बच्चों को दो से तीन दिन तक बुखार एवं दस्त की शिकायत बढ़ी है। सभी उम्र के लोगों को गले में खराश एवं ट्रांसिल की समस्या आ रही है। दोनों शहर के सभी अस्पताओं में मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। सुबह से ही मरीजों की लाइन अस्पतालों में दिख रही है। बता दे कि बारिश के बाद से कुएं एवं बोर के पानी से विषाणुओं का जन्म होता है। कुएं एवं बोर का पानी मैटमेला आ ▸▸ शेष पेज 12 पर

### स्कूलों में उपस्थिति घटी

मौसम परिवर्तन से संक्रमण का असर स्कूल में छात्रों की उपस्थिति संख्या पर प्रभाव पड़ा है। संक्रमण के कारण कई छोटे बच्चे घरों में आराम कर रहे है। छोटे बच्चे बुखार, सर्दी एवं खासी से ज्यादा संक्रमित है। बच्चों में खासी ठीक होने में ज्यादा वक्त लग रहा है। नर्सरी एवं प्राथमिक शालाओं के बच्चे बारिश में भीगने एवं मौसम परिवर्तन से ज्यादा बीमार हो रहे है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. गोपाल केला, डॉ. पुनित गोस्वामी, डॉ. केआर सिन्हा एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ बलजीत सिंह ने हर किसी से कहा है कि बदले हुए मौसम में सावधानी बरतें। पानी उबालकर ही पिएं वर्ना पेट में मरोड़ उत्पन्न हो जाएगा।

## खबर संक्षेप



### गुरु पूर्णिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्कूलों में किया गुरुजनों का सम्मान

**राजिम।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा अंचल के गुरुजनों का सम्मान किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर पाण्डुका के प्रधानाचार्य नरेश शर्मा, शासकीय पूर्व मा शाला घटकर्रा में सुरेश शर्मा ,मोहतरा में डी पी द्विवेदी, अतरमरा में प्राचार्य श्री देवांगन व सिरकट्टी आश्रम में गोवर्धन शरण का सम्मान किया गया। कार्यकम के प्रभारी के रूप में जिला पंचायत वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, पांडुका मंडल उपाध्यक्ष स्निग्धा शर्मा, सांसद प्रतिनिधि टीकमचंद साहू, मंडल उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी ,जिला कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र साहू ,जनपद सदस्य दुलारी साहू के संयुक्त तत्वावधान में समस्त गुरुजनों व स्टाफ का सम्मान किया गया।

### नए सीएमओ का हुआ स्वागत



**नवापारा-राजिम।** नवापारा नगर पालिका के नए सीएमओ लवकेश कुमार का स्वागत पार्षद भारत सोनकर एवं नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि संजय साहू ने बुके भेंट कर किया।

### कैबिनेट आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र से पहले 11 जुलाई को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक बुलाई गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय में होने वाली बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लग सकती है। कैबिनेट की बैठक में मानसून की स्थिति का आकलन करने के बाद प्रदेश में चालू खरीफ सीजन की बुआई अंतिम चरण पर होने और समितियों में खाद के भंडारण की स्थिति की समीक्षा होगी। बताया जाता है कि सत्र के दौरान पेश किए जाने वाले विधेयकों को मंजूरी दी जाएगी। वहीं विधानसभा में आने वाले कई मामलों पर चर्चा होगी। अनुपूरक बजट और अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### पूरी सरकार मैनपाट में पिकनिक पर किसान खाद के लिए परेशान

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा के तीन दिन के प्रशिक्षण सत्र में डेढ़ साल के भ्रष्टाचार पर मंथन हुआ। खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा और अन्य नेताओं को राज्य सरकार के भ्रष्टाचार पर नसीहत देनी पड़ी। यह प्रशिक्षण शिविर मस्ती की पाठशाला थी, जहां पर सरकारी धन पर पूरी सरकार मौज मस्ती और पिकनिक मना कर आई। जिस सरगुजा संभाग में भाजपा ने यह तीन दिन का प्रशिक्षण किया, उसी सरगुजा संभाग के हसदेव और तमनार में सरकार अडानी की खदान के लिये जंगल कटवा रही है। चिंतन शिविर में इस पर मंथन करने का साहस किसी नेता ने नहीं दिखाया।

# सावन के प्रथम दिन पर फणीकेश्वर नाथ मंदिर में होगी पूजा, श्रद्धालुओं का लगेगा तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

सावन के प्रथम दिन यानी 11 जुलाई को नगर सहित अंचल के शिवालयों में भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। इसी कड़ी में, प्राचीन और ऐतिहासिक फणीकेश्वरनाथ मंदिर में भी जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगेगा। फिंगेश्वर के फणीकेश्वरनाथ मंदिर में सावन को लेकर मंदिर प्रशासन द्वारा विशेष तैयारियां की गई हैं और मंदिर को फूलों से सजाया गया है। यह मंदिर अपनी प्राचीनता और ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है। यहां विराजित फणीकेश्वरनाथ महादेव के दर्शन के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं और अपने परिवार की खुशहाली के लिए मन्नतें मांगते हैं। पुजारी देवानंद गोस्वामी ने बताया कि सच्चे मन से मांगी गई मन्नतें यहां अवश्य पूरी होती हैं। इस मंदिर का निर्माण किसने करवाया, यह आज तक एक शोध का विषय बना हुआ है। हालांकि, किंवदंतियों के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर का निर्माण उस समय हुआ था जब छह महीने का दिन और छह महीने की रात होती थी। बताया जाता है कि मंदिर का निर्माण करते समय ही दिन निकल आया था, जिसके कारण मंदिर के ऊपरी शिखर पर कलश नहीं चढ़ाया जा सका। यही कलश आज भी गर्भगृह में विद्यमान है। मंदिर के गर्भगृह में एक ओर फणीकेश्वरनाथ महादेव स्थापित हैं, तो दूसरी ओर एक बड़ा कलश रखा हुआ है।

## जल अभिषेक के लिए उमड़ेंगे श्रद्धालु



### खजुराहो शैली की कामसूत्र नक्काशी से सुसज्जित



मंदिर परिसर में कई मूर्तियां खंडित अवस्था में हैं। ऐसा माना जाता है कि मुगलकालीन साम्राज्य में मुगलों ने इन मूर्तियों को खंडित कर दिया था। मंदिर के बाहरी भाग में खजुराहो के विश्व प्रसिद्ध मंदिरों की भांति कामसूत्र की तस्वीरों की पत्थर में नक्काशी की गई है। पुरातत्व विभाग के अनुसार, इस मंदिर का निर्माण 14वीं सदी में होना बताया गया है, जो परिवर्तित काल से संबंधित है। यह मंदिर पुरातत्व विभाग के अधीन है, लेकिन पूजा से लेकर धार्मिक कार्यों का संचालन प्रारंभ से ही मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा किया जा रहा है। सावन के पहले दिन सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है।

## गुरु गोविंद सिंह वार्ड की बस्तियों में पहुंचा नाली का गंदा पानी

# आधा दर्जन इलाकों में अरमान नाला और नालियों का गंदा पानी, रहवासी परेशान, जलभराव से मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में 4 दिनों से हो रही बारिश के कारण निचली बस्तियों में जलभराव से लोगों की परेशानी बढ़ी है। वहीं शहर से लगे गुरु गोविंद सिंह वार्ड की आधा दर्जन बस्तियों की सड़क से लेकर घरों तक नाली और नाले का गंदा पानी भरने से लोग परेशान हैं। बुधवार को यह स्थिति अणुव्रत रेसीडेंसी, गांधी नगर के नीचे वाली बस्ती, काली नगर, प्रगति नगर, जगन्नाथ नगर, मठपारा इलाके में देखने को मिली। प्रभावित बस्ती के रहवासियों ने हरिभूमि को बताया कि अरमान नाला का चौड़ीकरण और नाला गहरीकरण नहीं होने से नाले-नालियों का पानी बारिश के दौरान रिवर्स होकर बस्ती में भर जाता है। इसकी शिकायत निगम के अधिकारियों से कई बार की है।

### तीन दशक से समस्या समाधान अब तक नहीं, लोगों को हो रही दिक्कत

नगर निगम जोन 3 के गुरू गोविंद सिंह वार्ड के मठपारा, गौरानगर, कालीनगर, प्रगतिनगर के लोगों का कहना है कि एक अरसे वे जलभराव की समस्या से त्रस्त रहे हैं। अरमान नाला संकरा होने से तेज बारिश होने पर नाले का गंदा पानी उलट होकर उनके घरों और गलियों तक घुस जाता है। इसके कारण घंटों वे घर से बाहर नहीं निकल सकते। निकास नाली की समुचित व्यवस्था नही होने से दिक्कत हो रही है। घुटनों तक पानी भरने से गली में आने -जाने में परेशानी होती है। मठपारा की वीना सेलकर, काली नगर की सरोज बाई का कहना है जलभराव की समस्या एक अरसे से देख रहे हैं। इसका स्थायी समाधान निकाला जाना चाहिए। बारिश के सीजन में घर से लेकर सड़क तक पानी भरा रहने से बच्चे, बुजुर्ग को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। निगम प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। कमोबेश यही स्थिति गौरा नगर बस्ती की है।

## अणुव्रत रेसीडेंसी, गांधी नगर, काली नगर, प्रगति नगर का बुरा हाल



### अरमान नाला को चौड़ीकरण जरूरी

अरमान नाला के चौड़ीकरण और गहरीकरण कराने की जरूरत है। जोन 3 के माध्यम से इसका प्रस्ताव बनाने आग्रह किया है। ताकि वार्ड की आधा दर्जन रिहाइसी बस्तियों के रहवासियों को जलभराव से राहत मिल सके। - **कैलाश बेहरा,** पार्षद, गुरु गोविंद सिंह वार्ड

### आधी अधूरी नाली नहीं सड़क लबालब रहवासी परेशान

संत रविदास वार्ड के सालासार से बीएसयूपी कालोनी तक की सड़कों में बारिश का पानी लबालब भरने से रहवासी परेशान हैं। सरोना निवासी अरविंद सिंह ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि डेढ़ साल से नाली बनाने का काम शुरू नहीं हुआ। इसकी स्वीकृति पहले ही मिल गयी है। तीन बार भूमिपूजन और उदघाटन हो चुका इसके बाद भी पार्थिव ग्रीन के 300 रहवासी, बीएसयूपी कालोनी के हजारों लोग कीचड़ और गंदगी से मुक्त नही हो पाए। नाली का पानी रोड में बह रहा है। कीचड़ इतना जमा है कि रास्ते से निकलना मुश्किल है। इसके बाद भी निगम प्रशासन ध्यान नही दे रहा।

### पार्थिव ग्रीन के एक्जाम सेंटर के पास जलभराव

नगर निगम जोन 8 के संत रविदास वार्ड स्थित पार्थिव ग्रीन में नाली निर्माण का काम अधूरा हुआ है। एक्जाम सेंटर के पास वाले मैदान में बारिश का गंदा पानी भरने से प्रतियोगी परीक्षा दिलाने आए विद्यार्थी अकसर परेशान होते हैं। जलभराव रोकने नया बाजार से पार्थिव ग्रीन तक नाली बनाने की जरूरत है। सरोना के निवासी सोमनलाल ठाकुर ने बताया कि सरोना के दोनों बीएसयूपी कालोनी में जलभराव से लोग परेशान हैं। गंदे पानी के निकास की व्यवस्था समुचित रूप से अब तक नहीं हो पायी। यही हाल सरोना के इंटा भट्ठा के पास वाली बस्ती का है। सरोना के निवासी अशोक सिंह ठाकुर के मुताबिक सत्ती घाट इलाके में जलभराव के चलते लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। यहां अभी तक पक्की सड़क नहीं बन पायी। बारिश के सीजन में आवागमन में भारी दिक्कत होती है। वार्ड पार्षद अर्जुन यादव का कहना है नाली निर्माण कराया जा रहा है। इससे आने वाले समय में जलभराव से निजात मिलेगी।

### शिवम सिटी में घुटना भर पानी



मोतीलाल नेहरू वार्ड के शिवम सिटी में निकास नाली का निर्माण नहीं होने से घुटनों तक गंदा पानी भरा रहा। लोगों की शिकायत पर वार्ड पार्षद गोपेश साहू ने जलभराव वाले क्षेत्र में खुदाई कर जैसे तैसे गंदा पानी के निकासी की व्यवस्था कराई। नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित इस रहवासी इलाके में नाली निर्माण की मांग रहवासी एक अरसे से कर रहे हैं। इसी तरह कचना के श्मशान घाट इलाके में बिल्डर द्वारा सिंचाई विभाग की नाली पाट कर कब्जा किये जाने श्मशानघाट लबालब होने से लोग परेशान हैं। परिजन के अंतिम संस्कार के लिए जाने वालों को श्मशान घाट में पानी भरने से खासी असुविधा हो रही है। अवैध कब्जा हटाने की मांग उन्होंने निगम प्रशासन से की है।

# बहेरापाल में 200 पौधे रोपे गए



**फिंगेश्वर।** 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पंचायत बहेरापाल में बुधवार, 10 जुलाई को ब्लॉक प्लांटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति की सुरक्षा के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के फलदार और इमारती पौधों का रोपण किया गया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारी-कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ब्लॉक प्लांटेशन के तहत लगभग 5 एकड़ क्षेत्र में 1100 पौधों की स्वीकृति मिली है, जिसमें से पहले चरण में 200 पौधों का रोपण किया गया। इस वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू ने लोगों को पौधों का महत्व बताते हुए कहा कि वे अपने घरों में भी पौधारोपण करें। उन्होंने ग्रामीणों से यह भी अपील की कि ब्लॉक प्लांटेशन में लगाए गए इन पौधों को सहेजने और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी उन्हीं की होगी। इस अवसर पर जी.आर. मरकाम (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गरियाबंद), विशाल कुमार महाराणा (अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजिम), श्रीमती इंद्राणी नेहरू साहू (अध्यक्ष, जनपद पंचायत फिंगेश्वर), श्रीमती नंदनी साहू (सभापति, जिला पंचायत गरियाबंद), मंजू साहू (जनपद सदस्य), श्रीमती रामेश्वरी कुर्रे (जनपद सदस्य), राजेश कुमार साहू (सरपंच, ग्राम पंचायत बहेरापाल), सरपंच गजेश्वर सिन्हा (छुइया), स्वप्निल ध्रुव (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत फिंगेश्वर), ज्योति ढालन (अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, फिंगेश्वर), बी.आर. साहू (वरिष्ठ कृषि विकास विस्तार अधिकारी, फिंगेश्वर), और उद्यानिकी अधिकारी फिंगेश्वर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# गुरु पूर्णिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया शिक्षकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

गुरू पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधिमंडल सरस्वती शिशु मंदिर पाण्डुका पहुंचे उन्होंने प्रधानाचार्य श्री नरेश शर्मा तथा शासकीय प्राथमिक शाला मोहतरा के शिक्षक डी पी द्वेवेदी, शासकिय पूर्व माध्यमिक शाला घटकर्रा में श्री सुरेश शर्मा एवं अतरमरा स्कूल में जाकर गुरूजनो को साल और श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि गुरू पूर्णिमा भारतीय संस्कृति में गुरू के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व है।तथा गुरू समाज के निर्माण में सबसे बड़ी भूमिका निभाती है। उनके मार्गदर्शन से ही संस्कारवान व राष्ट्रप्रेमी पीढ़ी का निर्माण होता है तथा उन्होंने कहा कि भाजपा भारतीय परंपराओं और मूल्यों का सम्मान करती है। इस अवसर पर गरियाबंद मंडल उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विरेन्द्र साहू, टीकम साहू, जनपद सदस्य दुलारी साहू, स्निग्धा शर्मा, हेमलता साहू, सहित शिक्षक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।



# गुरु शिक्षा और संस्कार दोनों का केन्द्र बिंदु है : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



- बिजली स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया

प्रतिवर्ष आषाढ़ पूर्णिमा को मनाए जाने वाले गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में भी हर्षोल्लास के साथ गुरु पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ शाला के प्राचार्य और शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद, छात्र-छात्राओं ने समस्त शिक्षकों का गुलाल लगाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की भारतीय संस्कृति में गुरु का उच्च स्थान प्राप्त है। गुरु, शिक्षा और संस्कार दोनों का केंद्र बिंदु है। गुरु श्रद्धा, आस्था और समर्पण का पर्याय है।/" उन्होंने आगे कहा कि गुरु ज्ञान रूपी प्रकाश से अज्ञानता रूपी अंधकार को दूर करते हैं। प्राचार्य साहू ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के दिन महर्षि वेदव्यास जी का जन्म हुआ था, इसी कारण इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि गुरु मात्र एक शिक्षक ही नहीं होते, बल्कि उनकी उपस्थिति ही एक ऐसी जीवंत शक्ति, एक ऐसी अनुभूति होती है जो शक्ति, मार्गदर्शन और प्रेरणा का निरंतर स्रोत होती है। व्याख्याता दिनेश कुमार साहू ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि माता-पिता हमारे प्रथम गुरु होते हैं। उन्होंने बताया कि गुरु के सानिध्य में जाने से जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल जाते हैं, और हमें अपने गुरुओं का सदैव सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12वीं की छात्रा हसीना निषाद ने किया, जिसकी सभी ने सराहना की। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, रेखा सोनी, संतोषी गिलहरे, नकुल राम साहू, रुद्रप्रताप साहू, क्लर्क दुष्यंत साहू, तोमन साहू सहित समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# खड़मा मंडल में भाजपा ने मनाई गुरु पूर्णिमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

गरियाबंद। भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार खड़मा मंडल में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुरुओं का सम्मान किया गया और गायत्री मंदिर सोरीद खुर्द में गुरु के महत्व पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में सेवानिवृत्त शिक्षक और मंदिर पुजारी भोपाल राम सिन्हा ने गुरु के बारे में विस्तार से बताया। मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा ने गुरु का पूजा-अर्चन कर भोपाल राम सिन्हा को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण के साथ समापन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बूथ अध्यक्ष श्रीराम सिन्हा, वेदराम नंदे, गायत्री मंदिर के अध्यक्ष हीरालाल साहू, महामंत्री गुलशन सिन्हा, पालेंद्र साहू, सरपंच चंद्रहास बरिहा, बाबूलाल सिंह, उमेंद्र चक्रधारी, राम खिलावन सिन्हा, प्रज्ञा मानस परिवार के संचालक खेलावन साहू, ओम बाई सिन्हा, उमा सिन्हा, सुखबती सिन्हा, पुन्नी साहू, रामकृष्ण सिन्हा, पिंटू सिन्हा, खेमलाल साहू, भागवत सिन्हा, बसंत सिन्हा, कोमल सिन्हा, पुरुषोत्तम सिन्हा सहित समस्त गायत्री परिवार, ग्राम के नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष...

### कसेकेरा विद्यालय में...

भी बच्चे और शिक्षक नए भवन की आस में इन्हीं अतिरिक्त कमरों में अपना गुजारा कर रहे हैं। एक अतिरिक्त कमरे में कक्षा एक, दो, तीन और कार्यालय का संचालन होता है, जबकि दूसरे में चौथी, पाँचवीं और मध्याह्न भोजन योजनाएं चलती हैं।

**अब तक कोई समाधान नहीं-** इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय सरपंच माखन दीवान और पूर्व सरपंच संतोष कुमार समेत ग्रामीणों ने अपनी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और यहाँ तक कि प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी इस संबंध में लगातार आवेदन दिए हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। ग्रामीणों का सवाल है कि समग्र शिक्षा सहित शिक्षा विभाग से जुड़ी अन्य इकाइयाँ आखिर किस क्षेत्र के लिए काम कर रही हैं, जब एक मुख्य मार्ग पर स्थित स्कूल वर्षों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। इस मामले पर जानकारी लेने के लिए जब खंड स्त्रोत समन्वयक हरीश देवांगन से संपर्क किया गया, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। कसेकेरा प्राथमिक शाला की यह स्थिति शासन के शिक्षा सुधार के दावों पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगाती है।

### आठ किलो गांजा...

लेने पर आरोपी जगदीश प्रधान पिता स्व. डोमार सिंह प्रधान, उम्र 27 वर्ष, निवासी पण्डरीपानी, थाना छुरा, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के कब्जे से प्लास्टिक में लिपटा हुआ कुल 08 किलो 441 ग्राम अवैध गांजा मादक पदार्थ जब्त किया गया। जब्त गांजे की कीमत लगभग 84,410/- रुपये आंकी गई है। इसके अतिरिक्त, आरोपी के कब्जे से 3000/- रुपये का एक मोबाइल भी जब्त किया गया। समस्त जब्ती ग्रामीणों के समक्ष की गई। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत पाए जाने पर उसके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर गवाहों के समक्ष विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस पूरी कार्यवाही में थाना छुरा और स्पेशल टीम गरियाबंद की विशेष भूमिका रही। पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान जारी रखने की बात कही गई है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ...

तकनीकी सहायक के पद पर पदस्थ हैं, जिन्हें लगभग तीन वर्षों से मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जनपद पंचायत गरियाबंद के कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजनांतर्गत निर्माण कार्यों में लगातार अनियमितताएं सामने आ रही हैं, जिससे पीईओ की संलिप्तता स्पष्ट होती है। युवा कांग्रेस ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि आगामी पांच दिवसों के भीतर उचित जांच नहीं की गई और जनपद पीईओ को पद से नहीं हटाया गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस विरोध प्रदर्शन में पार्षद संदीप सरकार, ऐश्वर्य यदु, उत्तम सोनी, पार्षद प्रतिनिधि रितेश टांडी, बीरेंद्र ध्रुव, सुभाष भैंसाल, द्रविन जगत, जालेश सेन, हेमंत दीवान, ओमकार साहू, महादेव, अनुराग देवांगन, कामेश देवांगन समेत युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गोल्डा बांध में...

और डर गए। उस समय बांध में आसपास कुछ और लोग भी मछली पकड़ रहे थे, लेकिन घटनाक्रम को भांपते हुए वे धीरे-धीरे खिसक गए। किसन के दोस्तों ने उसे पानी में खोजने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाए। खबर पूरे गांव और क्षेत्र में तेजी से फैल गई। फिंगेश्वर थाना निरीक्षक गौतम धावड़े को सूचना मिलते ही उन्होंने तत्परता से पुलिस बल को घटनास्थल पर भेजा और बचाव के प्रयास शुरू किए। बाद में गरियाबंद से गोताखोरों की मदद ली गई और शाम होते-होते आखिर में मृतक किसन का शव 15 फीट गहरे पानी के अंदर से खोज निकाला गया। इस आकस्मिक हादसे को देखकर मृतक परिवार का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मरचुरी फिंगेश्वर में रखा गया है, जो शुक्रवार को होगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले की आगे की विवेचना की जाएगी।

**पीएम रिपोर्ट के आधार पर होगी विवेचना-** फिंगेश्वर थाना निरीक्षक गौतम धावड़े ने पुष्टि करते हुए बताया की जमाही फुलझर के बीच गोल्डा बांध में किसन ध्रुव नाम के व्यक्ति की पानी में डूबने से मौत हो गई है। देर शाम शव निकालने के कारण पोस्टमार्टम शुक्रवार को होगा। उस पीएम रिपोर्ट के आधार पर विवेचना होगी।

### सरगीपार में सड़क...

पानी कम होने का इंतजार करना पड़ता है। इस नाले को पार करते हुए ग्रामीणों द्वारा जन-धन की हानि होते हुए भी देखी गई है।

**कई बार आवेदन, फिर भी अनदेखी-** इस नाले में पुलिया निर्माण के लिए मुख्यमंत्री जनदर्शन, सांसद, विधायक, कलेक्टर और संबंधित विभाग के अधिकारियों को कई बार आवेदन दिया गया है। इसके बावजूद, शासन-प्रशासन इसे बनाने में कोई जहमत नहीं उठा रहा है। ग्रामीणों की यह आस अब महज एक स्वपन के समान हो गई है। इस संबंध में समस्त ग्रामवासियों ने अब एक ज्ञापन देने का मन बना लिया है, ताकि उनकी समस्या पर ध्यान दिया जा सके।

### मौसम का स्वास्थ्य...

रहा है। पानी बदलने के कारण बीमारियों का संक्रमण बढ़ा है। चिकित्सकों का सलाह है कि पानी उबाल कर पिना चाहिए। घर का बना गरम भोजन करे। अनहाइजेनिक भोजन का सेवन करने से परहेज करे। सब्जियां एवं फल नमक पानी से धोकर उपयोग करे।

## खबर संक्षेप



### मेहर समाज ने धूमधाम से मनाया गुरु पूर्णिमा

**नवापारा-राजिम।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गुरुवार को रायपुर जिला गरियाबंद परिक्षेत्र के मेहर समाज ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान समाज के गणमान्य नागरिक और सदस्य उपस्थित रहे। गुरु पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि दयालुराम गाड़ा, मेहर समाज के अध्यक्ष संतराम, गजेंद्र, राजेश कुमार, राम नारायण गौतम, मोहनलाल मेहर, टिकेश्वर मिर्जा, रामकृष्ण मेहर, मोहनलाल करकेल, चैन लाल सोनवानी, पीतम कोटरे, शैलेंद्र तुरकाने और शशिकांत तुरकाने सहित कई प्रमुख सदस्य शामिल हुए। सभी ने मिलकर अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया और समाज की उन्नति के लिए प्रार्थना की।

### पथर्रा स्कूल में पौधारोपण किया गया




**राजिम।** शासकीय पूर्व मा शाला एवं पीएमश्री प्राथमिक शाला पथर्रा में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूजन किया गया। यहां एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में एस एम सी अध्यक्ष जगन्नाथ साहू, स्कूल की छात्राएं,इको एवं यूथ क्लब की अध्यक्ष छात्रा कु. कुसुम लता वर्मा विशेष रूप से मौजूद रही।

### पाण्डुका में गुरु पूर्णिमा पर 180 पौधों का रोपण



**राजिम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'एक पेड़ मां के नाम' अपील को साकार करते हुए, ग्राम पंचायत पाण्डुका के सरपंच भानु ध्रुव के नेतृत्व में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पाण्डुका हाई स्कूल मैदान, गौठान, आंगनबाड़ी और पर्यवेक्षक भवन में कुल 750 पौधे रोपित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें गुरु पूर्णिमा के दिन 180 पौधे लगाए गए। इन पौधों में विभिन्न प्रकार के फलदार वृक्ष शामिल थे, जैसे आम, अशोक, जामुन, जाम, काजू, बादाम, करोंदा, कटहल और नींबू, साथ ही नीम जैसे औषधीय और पर्यावरण हितैषी पौधे भी लगाए गए। पौधारोपण के दौरान सरपंच भानु ध्रुव के साथ उपसरपंच खिलेश्वर द्विवेदी, पंच ओमप्रकाश बागे, पंच हर्ष देवांगन, पंच जयसिंग कंवर, पंच मोनू ध्रुव, पंच लता तारक, पंच भोज ध्रुव, पंच श्याम ध्रुव, पंच पदमिनी ध्रुव, ऑपरेटर कन्हैया चक्रधारी, लेखापाल सीताराम साहू, प्राचार्य वाय. आर. साहू, पी. एल. वर्मा, सीमा मैडम, केरकेट्टा मैडम और स्कूल स्टाफ के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी मौजूद थे। सभी ने मिलकर उत्साहपूर्वक इस हरित पहल में भाग लिया।

### कांग्रेस कर रही है जुमलेबाजी : अनिल

**गरियाबंद।** जिले में शुरू हुई कांग्रेस की जन न्याय पदयात्रा पर भाजपा ने तीखा हमला बोला है।



जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने 5 साल के शासन में जनहित में कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं किया और अब विपक्ष में रहकर न्याय यात्रा के नाम पर केवल जुमलेबाजी कर रही है। उन्होंने कहा कि सत्ता में रहते कांग्रेस ने सड़क, पुल-पुलिया या किसी भी बुनियादी विकास कार्यों में रुचि नहीं दिखाई। ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याएं जस की तस बनी रहीं। बिंद्रानवागढ़ विधानसभा की भी कांग्रेस ने कोई सुध नहीं ली।

# आधुनिकता की मार, रसेला में परंपरागत लोहारों का संकट, रोजी-रोटी की आफत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

अंचल में कृषि यंत्रों पर आधुनिकता की मार साफ दिखाई दे रही है, जिसकी वजह से परंपरागत रूप से कृषि उपकरण बनाने वाले कारीगरों के सामने गहरा संकट खड़ा हो गया है। कभी इन्हीं कृषि यंत्रों को बनाकर अपना परिवार चलाने वाले अब गिनती के लोहार ही बचे हैं, क्योंकि हाथों से चलाए जाने वाले कृषि उपकरणों की जगह अब डीजल और पेट्रोल से चलने वाली मशीनों ने ले ली है।लोहे को पीटकर, तराशकर कृषि यंत्रों का रूप देने वाले मेहनतकश लोहार जाति समय के साथ अपने परंपरागत कौशल और व्यवसाय से दूर होती जा रही है। यह विडंबना है कि उनके द्वारा बनाए गए लोहे के औजार आज भी आधुनिक मशीनों से बने औजारों की तुलना में ज्यादा मजबूत और उपयोगी होते हैं। कोयले और भट्टी की मदद से लोहे को सुंदर आकार देकर इनके द्वारा बनाए गए कृषि औजारों को खरीदने वाले लोगों की संख्या लगातार घट रही है। गौरतलब है कि आजकल बाजार में कृषि यंत्र सस्ते दामों पर और अनेक आकर्षक डिजाइनों में आसानी से मिल जाते हैं। सीमित साधनों के कारण लोहारों द्वारा बनाए गए औजार मजबूत और टिकाऊ तो होते हैं, लेकिन कम मात्रा में बनाए जाने की वजह से इनकी लागत अधिक होती है।



### कृषि औजार कारीगर गहरे आर्थिक संकट में

कारीगरों की आर्थिक स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आज से 10 से 15 वर्ष पहले जो हंसिया 40-50 रुपये में बेचा करते थे, आज वे 80 रुपये में बेच रहे हैं। जबकि घर पर एक हंसिया का निर्माण करने के लिए ही 50 रुपये का खर्च आता है। वहीं, बाजार में यही हंसिया इससे सस्ते दर पर आसानी से मिल जाती है। वर्तमान में कृषि औजार बनाने का कारोबार करने वाले लोग गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं। रसेला के कारीगर इतवारू राम विश्वकर्मा ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि उनके दादा और पिता भी यही कार्य करते थे। लेकिन आज के समय में इस परंपरागत कौशल और व्यापार को बचाना एक बड़ी चुनौती बन गया है। उन्होंने बताया कि पहले की तुलना में ग्राहक कम हो गए हैं, निर्माण लागत बढ़ गई है और मेहनत की तुलना में आमदनी न के बराबर है। इतवारू राम विश्वकर्मा ने सरकार से अपील की है कि वे इस परंपरागत व्यवसाय को प्रोत्साहन दें ताकि यह कला और कारीगर दोनों बचे रहें।

### बैठक : कलेक्टर बीएस उइके ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए निर्देश

# लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में दें योगदान : कलेक्टर उइके

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर ने जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कलेक्टर उइके ने मानसून के दौरान डायरिया, मलेरिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु की गई तैयारियों की जानकारी ली और सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य अमले को निर्देशित करते हुए कहा कि संक्रमण को रोकने के लिए प्रभावी कार्य योजना तैयार कर काम करें। सभी सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में जिंक टेबलेट, ओआरएस सहित अन्य आवश्यक दवाइयों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने को कहा गया। कलेक्टर ने बीएमओ (ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर) सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को फील्ड में जाकर मॉनिटरिंग करने और डायरिया व मलेरिया से बचाव व सावधानी बरतने के लिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश भी दिए।

**बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण और व्यवहार में शालीनता-** बैठक में कलेक्टर ने अस्पतालों में बिजली, पानी और पहुंच मार्ग की जानकारी ली और सभी अस्पतालों में इन सुविधाओं के साथ नलजल कनेक्शन प्रदान करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।



#### मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य और अन्य योजनाओं की समीक्षा

कलेक्टर उइके ने मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कोई भी लाभार्थी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। उन्होंने शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने पर जोर दिया।

#### वनांचल क्षेत्रों में विशेष सतर्कता

वनांचल क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों के कर्मचारियों को विशेष रूप से सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने बताया कि इन क्षेत्रों में मौसमी बीमारियों के साथ-साथ सर्पदंश और मलेरिया की शिकायतें ज्यादा आती हैं। इससे निपटने के लिए सभी स्वास्थ्य अमले को सतर्क रहकर गंभीरतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा गया।

इसके अतिरिक्त, कलेक्टर ने स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों के साथ अच्छा और शालीन व्यवहार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे चिकित्सक और मरीज के बीच मित्रवत संबंध स्थापित होता है, जिससे मरीज अपनी बीमारियों को खुलकर साझा कर पाते हैं। मरीजों को प्रेमपूर्वक आवश्यक जानकारियां समझाने और उच्च अस्पताल में इलाज की जरूरत होने पर स्पष्ट जानकारी साझा करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर नवीन भगत, सीएमएचओ डॉ. यूएस नवरत्न, डीपीएम, समस्त बीएमओ, बीपीएम, नोडल अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

#### अन्य महत्वपूर्ण निर्देशों में

- 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों का 'वय वंदना कार्ड' बनाने के लिए विशेष अभियान और शिविर लगाने के निर्देश दिए गए, जिससे उन्हें अतिरिक्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।
- सभी विकासखंडों में एनीमिया मुक्ति और कुपोषण स्तर में गिरावट लाने हेतु एनीमिक महिलाओं और कुपोषित बच्चों को गंभीरता से गर्म भोजन एवं पोषण आहार प्रदान करने को कहा गया।
- पोषण पुनर्वास केंद्र (**NRC**) में गंभीर कुपोषित बच्चों को प्राथमिकता से भर्ती कर स्वास्थ्य लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए।
- राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु दल) द्वारा सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित विजिट कर इलाज की आवश्यकता वाले बच्चों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने को कहा गया।
- विभिन्न प्रकार की टीकाकरण, कुष्ठ उन्मूलन, क्षय रोग, हाइपरटेंशन, कृमिनाशक एवं विटामिन दवा, तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम और मनोरोग चिकित्सा कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई, जिसमें सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य करने के निर्देश दिए गए।

## छात्रावास की समस्याओं को लेकर जिपं सदस्य नेताम ने कलेक्टर से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

मैनपुर ब्लॉक के छात्रावासों में सीटों की बढ़ोतरी तथा छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कलेक्टर गरियाबंद भगवान सिंह उइके को पत्र के माध्यम से समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया कि मैनपुर ब्लॉक के विभिन्न आश्रम शालाओं में दूर दराज के बच्चों में दाखिला लिया है। उन बच्चों को स्कूल में दाखिला तो मिल गया है लेकिन छात्रावास में सीट नहीं होने के कारण बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ऐसे में बच्चे पढ़ाई छोड़ने हेतु विवश हो रहे हैं। जब छात्रावास में सीटें नहीं थी तो आश्रम शालाओं में दाखिला नहीं देना था लेकिन स्कूल में दाखिला तो मिल गया पर छात्रावास में रिक्त सीट नहीं होने के कारण दूरस्थ अंचल के बच्चों को भटकना पड़ रहा है। सभी आश्रम शालाओं, पोस्ट मैट्रिक, प्री मैट्रिक, कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों में सीटें बढ़ाने तथा वैकल्पिक व्यवस्था करने की महती आवश्यकता है। साथ ही आश्रम शालाओं के निकटस्थ निवासरत बच्चों की जगह दूरस्थ अंचल के बच्चों को प्राथमिकता के आधार पर दाखिला करने की भी आवश्यकता है। वर्तमान में दूरस्थ अंचल के अनेक गाँव को ब्लॉक मुख्यालय से दूर हैं उन ग्रामों के बच्चों को छात्रावास उपलब्ध नहीं हो पाई है। इसलिए स्कूली बच्चों के भविष्य को देखते हुए आश्रम शालाओं में सीट बढ़ाकर बच्चों का दाखिला करने तथा छात्रावास की वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग उन्होंने की है।

## धनेंद्र एवं अमितेश के क्षेत्र में दीपक बैज का हुआ जोशीला स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम



पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू के विधानसभा क्षेत्र अभनपुर एवं प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल के विधानसभा क्षेत्र राजिम में पहली बार पहुंचे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का आतिशबाजी करते हुए कांग्रेसजनो ने जोशीला स्वागत किया। नवापारा बस स्टेण्ड में कांग्रेसजनो ने फुल माला पहनाकर श्री बैज का स्वागत करते हुए खूब नारेबाजी की। स्वागत करने वालों में जिला पंचायत सदस्य यशवंत-धनेन्द्र साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ,नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी ,पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग ,जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजा चावला ,स्वर्णजीत कौर ,रेखा तिवारी, नपा के पूर्व उपाध्यक्ष चतुर जगत ,पार्षद अजय साहू ,अर्जुन साहू ,हेमंत साहनी ,टिकेश्वर गिलहरे ,फागू देवांगन ,रामरतन निषाद, दीपाली राजपूत, तरुण कंसारी ,,उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस निर्माण यादव, राकेश सोनकर ,जितेंद्र कोसरे ,मेलाराम डांडे ,सचिन बंगानी ,सुनील साहू ,शंकर साहू ,सुरेन्द्र साहू ,रामकुमार शर्मा ,वीरेंद्र राजपूत सहित बड़ी संख्या कांग्रेसजन शामिल थे। उल्लेखनीय है कि श्री बैज बिंद्रानवागढ़ के दौरे से वापसी के समय सरदार जीत सिंग के निवास में रूके। यहां पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू और श्री बैज के बीच अंतरंग चर्चा हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## पीसीसी चीफ दीपक बैज का जिले में भव्य स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मैनपुर में आयोजित जन न्याय पदयात्रा में शामिल होने एक दिवसीय दौरे पर गरियाबंद पहुंचे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। साथ में आए पीसीसी महामंत्री सकलेन कामदार का भी स्वागत किया गया। उनके आगमन पर पाण्डुका में शैलेंद्र साहू के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर गोरेलाल सिन्हा रिकेश साहू मोतीराम साहू इशू तारक वेदप्रकाश साहू अश्वनी साहू ऐनु यादव प्रमुख से मौजूद थे। इसके पश्चात गरियाबंद नगर में दो स्थानों पर स्वागत समारोह आयोजित किए गए पहला पुराना फोरेस्ट नाका स्थित काली मंदिर चौक पर और दूसरा नगर के तिरंगा चौक पर। दोनों ही स्थानों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भारी जनसमूह उमड़ पड़ा था। इस दौरान युगल पांडेय फ़ाफ़ज़ि खान संदीप सरकार छगन यादव सन्नी मेमन जुनेद खान नादिर खान एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। दीपक बैज पहली बार गरियाबंद पहुंचे थे, जिसे लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जैसे ही उनकी गाड़ी काली मंदिर चौक पहुंची, "दीपक बैज ज़िंदाबाद" और "कांग्रेस पार्टी ज़िंदाबाद" के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कांग्रेसजनों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया और जोश-उल्लास के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह से ही काली मंदिर चौक और तिरंगा चौक पर जुटना शुरू हो गए थे। महिला कार्यकर्ताओं, युवा कांग्रेस व अन्य प्रकोष्ठों के प्रतिनिधियों ने भी इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई। दीपक बैज ने कार्यकर्ताओं के उत्साह और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की आवाज़ उठाती रही है, और जन न्याय पदयात्रा के माध्यम से आमजन की समस्याओं को लेकर सरकार को जवाबदेह बनाया जाएगा।

### मैनपुर और गोहरापदर में भाजपा ने धूमधाम से मनाई गई गुरु पूर्णिमा

# गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार को गरियाबंद जिले के मैनपुर और गोहरापदर मंडलों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं ने गुरुजनों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। भाजपा संगठन के आह्वान पर कार्यकर्ताओं ने विभिन्न विद्यालयों और गुरुओं के निवास स्थानों पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। मैनपुर मंडल द्वारा स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल और अन्य शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने एलआर बरिहा का सम्मान किया। मैनपुर प्राथमिक शाला के लोकेश्वर भोसले को भाजपा जिला मंत्री सरिता सेन ने सम्मानित किया। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्राचार्य बीएस नागेश का सम्मान भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं शाला समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा द्वारा किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर में नागेश, गोविंद पटेल और महेंद्र फरस का सम्मान मंडल कोषाध्यक्ष महेंद्र सोनी ने किया। पूर्व माध्यमिक शाला देहारगुड़ा में उत्कृष्ट शिक्षक पटेल का सम्मान भाजपा युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री पुलस्त शर्मा ने किया। इसी तरह, पूर्व माध्यमिक शाला तुहा मेटा के देवलाल सर जी का सम्मान पूर्व मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा ने किया। झरिया बाहरा स्कूल की चमेली तिरधारी मैडम को युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने सम्मानित किया। भाटीगढ़ के शिक्षक दुर्गा चरण कोमर्रा का सम्मान डाकेश्वर नेगी (पूर्व जनपद सदस्य, युवा भाजपा कार्यकर्ता) ने किया। धवलपुर में शिक्षकों का सम्मान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष तिजू सिन्हा और वरिष्ठ भाजपा नेता किशोर यदु ने किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, भाजपा मंडल महामंत्री महेश कश्यप, गुरुपर्व सम्मान कार्यक्रम की मंडल संयोजक नंदनी नेताम, पूर्व मंडल महामंत्री मनोहर बघेल, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता जनक यादव सहित भाजपा मंडल मैनपुर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### गोहरापदर में गुरु-शिष्य परंपरा का बखान

गोहरापदर में भी भाजपा जिला संगठन के आह्वान पर भाजपाइयों ने गुरुओं के निवास और विद्यालयों में पहुंचकर तिलक लगाकर, शॉल, श्रीफल, कलम और मिष्ठान भेंट कर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सम्मानित किया। नगर के विद्यालय में सेवानिवृत्त शिक्षक त्रिलोचंददास कश्यप, वरिष्ठ शिक्षक हेमलाल जगत, ज्ञानदीप पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका ललिता तिवारी, शिक्षक भगवानों पांडे, शिक्षिका त्रिपुरा पांडे का सम्मान किया गया। इसके साथ ही, मंदिर के पुजारी पंडित हरलाल मिश्रा महाराज और पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामप्रसाद साहू, आर.पी. अवस्थी का उनके निवास पहुंचकर सम्मान किया गया। इस दौरान भाजपा नेता और पूर्व मंडल अध्यक्ष



गुरुनारायण तिवारी ने कहा की भारतवर्ष में गुरु-शिष्य परंपरा केवल सांस्कृतिक परंपरा नहीं, बल्कि श्रद्धा, समर्पण और मार्गदर्शन का प्रतीक है। गुरु पूर्णिमा का यह पावन पर्व हमें अपने जीवन में गुरुओं के महत्व को याद दिलाता है। इसलिए इस पावन अवसर पर हम अपने सभी गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लें। इस अवसर पर पूर्व भाजपा मंडल



अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी, पि.वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री जयराम साहू, अजा मोर्चा जिला महामंत्री चौनसिंह कश्यप, जिला प्रतिनिधि महामंत्री तानसिंह मांझी, मंडल मंत्री श्रीमती संजुक्ता दास, मनीषा कश्यप, स्थानीय समिति अध्यक्ष पदमन नागेश सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुओं का सम्मान किया।

## सशिमं छुरा में हर्षोल्लास से मनाई गई गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में गुरुवार को दोपहर 1:30 बजे से गुरु पूर्णिमा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुजनों के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया और उनकी महिमा का बखान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय समिति के अध्यक्ष विजय गुप्ता रहे, जबकि अध्यक्षता सचिव संतोषी यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सक्रिय समाजसेवी शीतल ध्रुव और समिति सदस्या सरोज साहू उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में कक्षा छठी से बारहवीं तक के अधिकांश भैया-बहिनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और गुरु की महिमा पर अपने विचार रखे। विशिष्ट अतिथि शीतल ध्रुव ने गुरु की महिमा को अनंत बताते हुए कहा कि गुरु जीवन जीने की हर कला, संस्कार और ज्ञान देने का कार्य करते हैं। उन्होंने प्राचीनकाल में संचालित होने वाली गुरुकुल परंपरा पर प्रकाश डाला और सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय द्वारा दिए जा रहे संस्कारों की सराहना की।

#### गुरु भगवान से भी बढ़कर : विजय गुप्ता

मुख्य अतिथि विजय गुप्ता ने कहा कि प्रथम गुरु माँ होती हैं और जब बच्चा बड़ा होकर स्कूल जाना शुरू करता है, तब से लेकर पूरे पढ़ाई जीवन में गुरु की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने गुरु को भगवान से भी बड़ा बताते हुए कहा कि बिना गुरु के जीवन में उजाला हो ही नहीं सकता। इस अवसर पर समिति के सचिव संतोषी यादव और सदस्य सरोज साहू ने पूरे स्टाफ को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन अलका सिन्हा ने किया और प्राचार्य संतोष वर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। इस शुभ अवसर पर स्थानीय समिति द्वारा गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरे स्टाफ को गणवेश भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। उक्त आशय की जानकारी विद्यालय के प्रचार-प्रसार प्रमुख सीताचरण नेताम ने दी।

## खबर संक्षेप



### जर्जर मकान में गुजर-बसर को मजबूर परिवार, पीएम आवास का लाभ नहीं

**मुड़ागांव (कोरासी)**। जनपद पंचायत छुरा के ग्राम पंचायत पंक्तियां के आश्रित ग्राम बोईरगांव में पांचों बाई ध्रुव पति किसन राम ध्रुव का परिवार पिछले कुछ वर्षों से प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पंचायत के चक्कर काट रहा है, लेकिन उन्हें अब तक इसका लाभ नहीं मिल पाया है। पांचों बाई का कच्चा मकान पूरी तरह से जर्जर हो चुका है और लगातार हो रही बारिश में यह ढहने की कगार पर है। पिछले एक सप्ताह से हो रही भारी बारिश के कारण मकान का हिस्सा टूटकर गिर रहा है। इस जर्जर मकान में पांचों बाई के आठ सदस्यीय परिवार को गुजारा करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परिवार ने शासन-प्रशासन से तत्काल प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाकर उन्हें सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने की मांग की है।

### सेवानिवृत्त प्राचार्य शर्मा का पूर्व छात्रों ने किया सम्मान



**नवापारा-राजिम**। गुरूपूर्णिमा के अवसर पर बहुत ही वरिष्ठ सेवानिवृत्त प्राचार्य आर बी शर्मा सर का सम्मान पूर्व छात्रो ने किया। सम्मान करने वालो में ब्रह्मदत्त शर्मा, संतोष माखीजा, रविशंकर साहू, उत्तम गोलछा, राजेंद्र पारख, नेमचंद गोलछा शामिल थे जिन्होने तिलक लगाकर, शाल, श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर ब्रह्मदत्त शर्मा ने कहा कि आज हमें स्कूल छोड़े 45 वर्ष हो गए, 1980 में हम हायर सेकेंडरी कर निकले थे, हम सभी बहुत सौभाग्यशाली हैं कि हमारे शिक्षक आज भी हम सबके सिर पर अपना वरदहस्त रखे हुए हैं, उनके आशीर्वाद की छत्रछाया में है। अपने पूर्व छात्रो को आशीर्वाद देते हुए आर बी शर्मा सर ने कहा कि शासकीय हरिहर स्कूल में मेरा अध्यापन काल ढेर सारी मधुर स्मृतियों से भरा हुआ है, मैंने हजारों विद्यार्थियों को पढ़ाया और आज वे देश और देश के बाहर भी अच्छे पद पे काम कर रहे हैं, यह मेरे लिए सौभाग्य, संतोष और गर्व की बात है।

## सियासत : मैनपुर से रायपुर तक जन न्याय पदयात्रा का आगाज, कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरा

# जब-जब भाजपा सरकार अत्याचार करेगी, कांग्रेस तब-तब जन न्याय यात्रा निकालेगी : दीपक बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार की कथित असफलताओं और बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर गुरुवार को युवा कांग्रेस और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने मैनपुर से राजधानी रायपुर स्थित राजभवन तक 147 किलोमीटर की 'जन न्याय पदयात्रा' का शुभारंभ किया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गाजेबाजे, फूलमालाओं और आतिशबाजी के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया। पदयात्रा के शुभारंभ समारोह में बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, प्रदेश महामंत्री सकलेन कामदार, जिला अध्यक्ष भावसिंह साहू, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेन्द्र साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मैनपुर रामकृष्ण ध्रुव, अमलीपदर ललिता यादव, देवभोग भूपेंद्र मांझी, फिंगेश्वर रूपेश साहू, एनएसयूआई प्रदेश सचिव चित्रंश ध्रुव, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव मिश्रा, कांग्रेस महामंत्री गेन्दु यादव सहित बिंद्रानवागढ़ विधानसभा और पूरे जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र की पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

**भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप, जनता त्रस्त, सरकार पिकनिक पर-** कांग्रेस कार्यकर्ताओं की विशाल सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, जब-जब छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार अत्याचार करेगी, कांग्रेस द्वारा जन न्याय यात्रा निकाली जाएगी। कांग्रेस कार्यकर्ता न लाठी खाने से डरती है और न ही जेल जाने से डरती है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता पार्टी के लिए समर्पित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से शुरू हुई यह पदयात्रा रुकेगी नहीं। श्री बैज ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ के किसान, छात्र, युवा, मजदूर और व्यापारी सभी इस सरकार से त्रस्त हो चुके हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी की सरकार मैनपाट में 'पिकनिक' मना रही है और जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा बर्बाद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसान खाद के लिए परेशान हैं, बीज नहीं मिल पा रहा है, लेकिन इससे भाजपा सरकार को कोई लेना-देना नहीं है।

**बंद स्कूल, असुरक्षित माता-बहनें और जंगल बेचने का आरोप-** दीपक बैज ने शिक्षा व्यवस्था पर भी निशाना साधते हुए कहा कि सरकार ने 10,463 स्कूल बंद कर दिए हैं और स्कूलों में कॉपी-पुस्तकें नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि छत्तीसगढ़ में सरकार का पूरा सिस्टम फेल हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में माता-बहनें सुरक्षित नहीं हैं, जल, जंगल, जमीन सुरक्षित नहीं है। बस्तर की लौह अयस्क खदानें बिक गई हैं और सरगुजा के कोल माइंस बेचे जा रहे हैं।

श्री बैज ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, /"भाजपा 'मां' के नाम पर एक पेड़ लगाने का नौटंकी कर रही है और पूरे जंगल बेच रही है। तमनार, रायगढ़ में हजारों पेड़ काटे जा रहे हैं, इसके लिए मुख्यमंत्री एक शब्द नहीं बोल रहे हैं। जंगल को बेचने का काम भाजपा सरकार कर रही है, हमें जंगल को बचाने के लिए आगे आना होगा।





### बिंद्रानवागढ़ में विकास ठप, मूलभूत सुविधाओं का अभाव

बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने प्रदेश सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है, विकास कार्य थम गए हैं। प्रदेश में कहीं कोई विकास नहीं हो रहा है, अवैध रेत उत्खनन के साथ नए-नए शराब दुकान खोले जा रहे हैं। श्री ध्रुव ने बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को उठाते हुए बताया कि 50 से ज्यादा पाराटोला गांवों में आज तक बिजली नहीं पहुंची है, ग्रामीण परेशान हैं, गांव में सड़कें नहीं हैं और स्वास्थ्य सुविधा का हाल बेहाल है। अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं, जिसके कारण इस क्षेत्र की जनता को इलाज के लिए ओडिशा और अन्य प्रदेशों में जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इन सभी समस्याओं को लेकर आज यह पदयात्रा निकाली जा रही है। कार्यक्रम को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भावसिंह साहू, सुकचंद बेसरा, शैलेन्द्र साहू सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी संबोधित किया।



### दीपक बैज 5 किमी पैदल चले कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह

एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस की जन न्याय पदयात्रा के शुभारंभ में हरी झंडी दिखाने के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज स्वयं कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करने पदयात्रा में शामिल हुए। उन्होंने मैनपुर से ग्राम गौरघाट और वेयर हाउस तक लगभग 5 किलोमीटर पैदल यात्रा की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ और उत्साह देखते ही बन रहा था। पुलिस प्रशासन को ट्रैफिक व्यवस्था व्यवस्थित करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस के जवान बड़ी संख्या में तैनात थे। इस मौके पर प्रमुख रूप से युवा कांग्रेस बिंद्रानवागढ़ अध्यक्ष अमृत पटेल, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष खेदु नेगी, अमित मिरी, भानु सिन्हा, युगल पाण्डेय, सुकचंद ध्रुव, निहाल नेताम, पंकज मांझी, सुकचंद बेसरा, राजेश तिवारी, जाकिर रजा, सोहन नागेश, हाजी चिराग अली, सेवन पुजारी, गिरीश जगत, प्रियंका कपिल, डोमार साहू, दयाराम यादव, दुलेन्द्र नेगी, पारेश्वर नेगी, तनवीर ठाकुर, शाहिद मेमन, भुवनेश्वर नेगी, रूपेन्द्र सोम, नजीब बेग, हरचंद नेगी, यशपेन्द्र शाह, हरचंद ध्रुव, टीकम कपिल, यशवंत मरकाम, वालेश मरकाम, आत्माराम मरकाम, पुरुषोत्तम सोम, हबीब मेमनल, बृजलाल सोनवानी, गुंजेश कपिल, हरेश्वर पटेल, मोहित ध्रुव, केशु सिन्हा, हेमलाल बारले, कल्याण कपिल, भुवनेश्वर सिन्हा, अनामो बघेल, सोदर कश्यप, नीरा कपिल, दामु सोरी, समद खान, कमल यदु, श्रवण सतपति, गोरेलाल ध्रुव, दुलेश्वरी नागेश, सेवन पुजारी, टंकेश्वर नागेश, जगदीश, उवैश भट्टी, दुलार सिंह, राधाबाई यादव, उमेश डोंगरे, हेमंत यादव, पारेश्वर नेताम, महेश्वर बघेल, डोमार ध्रुव, अनिल चंद्राकर, तेजसिंह कामड़े, जितेंद्र ठाकुर, विरेंद्र राजपूत, सोनू यादव, गौतम कश्यप, परमेश्वर यादव सहित बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस महामंत्री गेन्दु यादव ने किया और आभार प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने किया।

# श्री सिद्धि विनायक आश्रम में मनाई गई गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम/गरियाबंद

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार को नवापारा-राजिम भक्तिमय वातावरण में डूब गया। पवित्र नगरी के मंदिरों और आश्रमों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ के श्री कुलेश्वर महादेव मंदिर में बड़ी संख्या में दर्शन किए। शहर के मध्य स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में भी भजन-पूजन का आयोजन हुआ। नवापारा के श्री सिद्धि विनायक आश्रम में गुरु पूर्णिमा का उत्सव पूरे श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। सुबह 6 बजे से ही संत उमेषानंद गिरी ने शिष्यों को दीक्षा देना शुरू किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिष्यों ने गुरु पूजन में हिस्सा लिया और संत जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। आश्रम में जय मां तारिणी मानस मंडली की साध्वी अनुसुइया और अहिल्या ने अपने संगीतमय सत्संग से उपस्थित भक्तों को भावविभोर कर दिया। इसके अतिरिक्त, ग्राम कठौली के मानस परिवार ने भी आकर्षक प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में सत्यानंद, अरविंद चौहान, ताराचंद साहू, क्रांतिलाल साहू, कृष्णा देवांगन, जीवन सेन, देवकी साहू, मंजू साहू, धातृ साहू, निहारिका साहू, तेजेश साहू, हुलास साहू, इंदु साहू, तुलाराम साहू, राजेंद्र साहू, डेरहु राम साहू, सोमप्रकाश साहू, भागीराम साहू, राधे साहू, तारनी ध्रुव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



### सवरा बैगा मंदिर में गुरुपूर्णिमा



**नवापारा-भेण्डरी**। मां शीतला एवं संवरा बैगा मंदिर में जसगीत सेवा समिति भेण्डरी द्वारा गुरू का पूजा किया गया। इस अवसर पर भुवन साहू, शीतला मंदिर पुजारी संतराम साहू, दिलीप साहू, सुनील सहित सेवा समिति के सदस्य गण मौजूद थे।

### विधायक साहू ने लिया संत जी का आशीर्वाद

गुरु पूर्णिमा के इस विशेष अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू भी श्री सिद्धि विनायक आश्रम पहुंचे और संत उमेषानंद गिरी का आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक के साथ मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू और जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू भी उपस्थित थे। मुंगेली के पंडित मुकेश दीक्षित ने मंत्रोच्चारण के साथ गुरुपूजा संपन्न कराई। इस अवसर पर आशीर्वाद प्राप्त करने वालों में डॉ. प्रज्ज्वल सोनी, तुकाराम कंसारी, नागेंद्र निषाद, थानेश्वर तारक, सोनी साहू, नेमी साहू, गुलाबचंद साहू, दयाशंकर, प्रशांत, तेजराम ध्रुव, कमल सोनकर, राधेश्याम सहित बड़ी संख्या में शिष्यगण और श्रद्धालु शामिल थे।

# राजिम में बैज का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गुरुवार को कांग्रेस के जन न्याय पदयात्रा में बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए निकले प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का राजिम के पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में जबर्दस्त स्वागत हुआ। स्वागत करने वालो में नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पवन सोनकर,विकास तिवारी ,नरोत्तम सिंह ठाकुर, डीके ठाकुर ,गिरीश रजानी, प्रहलाद गंधर्व ,कुलेश्वर साहू ,सुनील देवांगन ,विश्वजीत ठाकुर ,रमेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे। श्री बैज का स्वागत करने के लिए सुबह से कांग्रेसजन चौक में इकट्ठे थे। पहली बार राजिम पहुंचे दीपक बैज के आगमन पर कांग्रेसियों में खासा उत्साह देखा गया। गाड़ी से उतरते ही कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर फूलमालाओं से उनका अभिनंदन किया और \\/"दीपक बैज जिंदाबाद\\/" के नारों से माहौल को जोश से भर दिया। इस दौरान कांग्रेसियों में जबर्दस्त जोश और उल्लास देखने को मिला। कांग्रेस नेता डेके ठाकुर ने इस दौरान बैज को भगवान श्री राजीव लोचन का तैल चित्र भेंट किया। इस दौरान दीपक बैज ने कार्यकर्ताओं को संक्षिप्त में संबोधित करते हुए कहा, कि यह पदयात्रा प्रदेश की जनता के न्याय और अधिकारों की रक्षा के लिए है। भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ यह संघर्ष का बिगुल है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा गरीब, किसान, मजदूर, आदिवासी और युवाओं के हितों की लड़ाई लड़ती आई है और आगे भी लड़ाई लड़ती रहेगी। गौरतलब है कि कांग्रेस जन न्याय पदयात्रा की शुरूआत बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मैनपुर मुख्यालय से हुआ। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने इसका शुभारंभ किया। यह पदयात्रा अलग-अलग पड़ावों से होती हुई रायपुर के राजभवन तक पहुंचेगी। इस यात्रा में प्रदेश कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, विधायक, कार्यकर्ता और आम जनता शामिल होंगे।



## निधन

### रमोतिन बाई ध्रुव



**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)**। ग्राम पाटसिवनी निवासी रमोतिन बाई ध्रुव का निधन 7 जुलाई को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा सुबह 11 बजे निवास स्थान से निकाली गई। उनके अंतिम संस्कार में स्वजाति बंधु एवं ग्रामवासी सम्मिलित हुए। वे मनीराम ध्रुव की पत्नी व केदारनाथ ध्रुव के दादी थे।



### नए सीएमओ का हुआ स्वागत

**नवापारा-राजिम**। नवापारा नगर पालिका के नए सीएमओ लवकेश कुमार का स्वायतशासी कर्मचारी महासंघ भारतीय मजदूर संघ सफाई कर्मचारी प्रकोष्ठ नवापारा के अध्यक्ष संतोष सोनी के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान, रसेला के कुड़ेरादादर में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'एक पेड़ मां के नाम' अपील को साकार करते हुए, वन प्रबंधन समिति ग्राम कुडेरादादर ने गुरुवार को बाजार चौक, स्कूल ग्राउंड, मंदिर तालाब और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सघन पौधारोपण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पौधों की पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जिसके बाद सभी अतिथियों ने पौधा रोपण किया। इस अवसर पर डिप्टी रेंजर केके सोनी ने आम का पौधा लगाते हुए कहा, पर्यावरण संरक्षण का उतना ही महत्व है जितना मानव जीवन का। पर्यावरण संरक्षण के लिए हर व्यक्ति को प्रकृति के बीच जीवन यापन की परंपरा का निर्वहन करना चाहिए। वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह ठाकुर ने पेड़ों की रक्षा को बच्चों की तरह करने की अपील की। उन्होंने कहा, किसी भी पेड़ लगाने से ज्यादा उनको जीवित रखना हमारी जिम्मेदारी है। जिला वनोपज समिति के संचालक दयाराम नागेश ने पौधारोपण को एक महान कार्य बताते हुए कहा, मानव जीवन के लिए एक पेड़ लगाना बहुत ही महान काम है, एक पेड़ मां के समान है। जैसे मां अपने बच्चों को सजाती एवं संवारती है, भोजन कराती है, ठीक उसी तरह एक पेड़ हमें फल एवं शुद्ध हवा देता है। वनरक्षक भारती ध्रुव ने प्रकृति के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी दोहराते हुए कहा, /"प्रकृति ने हमें सब कुछ दिया है। इसे सहेजकर रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। पर्यावरण के बिना मनुष्य के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए हम सब एकजुट होकर पर्यावरण के सुधार के लिए ऐसा प्रयास करें कि अंचल में वृक्षारोपण अभियान सिद्ध हो सके।

वन चौकीदार राजेंद्र यादव ने औद्योगिक प्रदूषण, उपभोक्तावाद से उपजे कचरे और कार्बन उत्सर्जन के बढ़ते खतरों के बीच पौधारोपण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, ऐसे समय में जब धरती का औसत तापमान बढ़ता जा रहा है, पौधारोपण जरूरी है। इस मौके पर ग्राम के गणमान्य नागरिक संतोष दीवान, खगेश ठाकुर, ईश्वरी दीवान, बिसनाथ बलदेव, तुलेश सेन सहित समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।



## सिद्धि विनायक आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर उमड़ा भक्तों का सैलाब

# हर क्षेत्र में प्रगति के लिए गुरु का होना आवश्यक : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर फिंगेश्वर स्थित सिद्धि विनायक आश्रम में हजारों भक्तों का तांता लगा रहा। भगवताचार्य पंडित त्रिभुवन महाराज के सान्निध्य और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु अपने वाहनों से आश्रम पहुंचे। भक्तों ने गुरु का आशीर्वाद लेकर स्वस्थ जीवन के लिए मन्नतें मांगीं। भगवताचार्य पंडित त्रिभुवन प्रसाद शर्मा भी अपने भक्तों को निरंतर आशीर्वचन देते रहे। आश्रम में गुरु और शिष्य की अनूठी मिसाल ने आस्था एवं भक्ति का सैलाब ला दिया था। अंचल सहित दूर-दराज के प्रांतों से भी लोग इस भक्तिमय माहौल का हिस्सा बनने पहुंचे। इसी कड़ी में, राजिम विधायक रोहित साहू विशेष रूप से फिंगेश्वर स्थित सिद्धि विनायक आश्रम पहुंचे। उन्होंने भगवान श्री सिद्धि विनायक की पूजा-अर्चना कर सभी के कल्याण की कामना की और आश्रम के संचालक भगवताचार्य पंडित त्रिभुवन प्रसाद मिश्रा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने पंडित त्रिभुवन महाराज को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

**मानस मंडलियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति-** विधायक रोहित साहू ने अपने संबोधन में जीवन में गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में गुरु का स्थान सर्वोच्च और सम्मानित है। कोई भी व्यक्ति गुरु के बिना आगे नहीं बढ़ता। हर क्षेत्र में प्रगति के लिए गुरु का होना आवश्यक है। बिना गुरु के ज्ञान की कल्पना नहीं की जा सकती है। इस दौरान प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित, पूर्व सरपंच बिसौहा हरित, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, पूर्व नगर अध्यक्ष जगदीश यादव, भाजपा युवा नेता राजू साहू, राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, आकाश राजपूत आदि उपस्थित थे। आश्रम के बाहर प्रांगण में विभिन्न मानस मंडलियों ने गुरु की महिमा का बखान करते हुए मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। उन्होंने भक्तों को परंपरा का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। आश्रम में आए सभी भक्तों के लिए भोग भंडारा की भव्य व्यवस्था की गई थी।





